भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. **1699** जिसका उत्तर
गुरूवार, **11 फरवरी**, 2021/22 माघ, 1942 (शक) को दिया जाना है

सागरमाला परियोजना

†1699. श्री एस. वेंकटेशन:

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आज की तिथि तक सागरमाला परियोजना में पूरा किए गए कार्य का प्रतिशत कितना है;

(ख) क्या सागरमाला परियोजना के समापन के बाद इससे विस्थापित हुए लोगों के बारे में कोई सर्वेक्षण कराया गया है; और

(ग) यदि हां, तो इस परियोजना के क्रियान्वयन के बाद भारतीय तट क्षेत्र से विस्थापित गांवों और लोगों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री मनसुख मांडविया)

(क) सागरमाला के तहत 3.55 लाख करोड़ रू. के अनुमानित अवसरंचना निवेश पर 504 परियोजनाओं की पहचान की गई है। इनमें से 159 परियोजनाएं पूरी कर ली गई हैं।

(ख) जी, नहीं

(ग) उपर्युक्त 'ख' के उत्तर के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

*****